Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to ensure payment of compensation to land oustees in Anand Parliamentary Constituency, Gujarat -laid.

श्री मितेश पटेल (बकाभाई) (आनंद): आनंद जिला स्तर पर मेरे आनंद लोक सभा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 सिक्स लेन बनाने के लिए 2010 में काला (CALA) में भूमि अधिग्रहण किया था, हाइवे निर्माण का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है और कुछ अतिरिक्त जमीन अधिग्रहण की काला द्वारा तैयारी की जा रही है। पुराने जमीन अधिग्रहण में अभी तक पूरे किसानों को अवार्ड या मुआवजा नहीं मिला है। बोरियावी गांव और आनंद के किसान हर रोज मेरे संसदीय क्षेत्र के कार्यालय में अवार्ड हेतु गुहार लगा रहे हैं।

NHAI मैनुअल के प्रावधान के अनुसार जिला स्तर पर एक भूमि अधिग्रहण सहायक इकाई की नियुक्ति करने का प्रावधान किया गया है, जो भू अधिग्रहण अवार्ड संबंधी समस्याओं एवं किसानों को इस संबंध में सहयोग कर मुआवजे के निपटारे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मैंने इस संबंध में डिस्ट्रिक मजिस्ट्रेट, काला और एनएचए.आई के अधिकारियों के पत्राचार और व्यक्तिगत रूप से मिलकर कई बार समस्या के समाधान हेतु बातचीत की है। मैंने सुझाव दिया है कि तीन से चार व्यक्तियों की टीम बनाकर एक अस्थायी कार्यालय खोलकर किसानों के अवार्ड संबंधी समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाये। मैं केन्द्रीय राजमार्ग मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि कृपया इस मामले का संज्ञान लें और किसानों के हित में जल्द से जल्द अवार्ड संबंधी समस्या के समाधान हेतु आदेश जारी करें।